(a) 20 हजार ₹ (b) 50 हजार ₹
(c) 70 हजार ₹ (d) 1 लाख ₹

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B**

**Ans. (b) :** राजस्थान के बजट 2021-22 में, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में ₹ 50 हजार तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई है। लाभार्थी को ऋण का भुगतान 12/18 महीने की अवधि के अंदर करना होगा।

**1310. अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2020-21 में स्थिर कीमतों पर (2011-12) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय है-**

(a) ₹ 79,722 (b) ₹ 97,227
(c) ₹ 72,297 (d) ₹ 75,527

**RPSC RAS (Pre) 2021**

**Ans. (c) :** अग्रिम अनुमानों के अनुसार 2020-21 में स्थिर कीमतों पर (2011-12) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय ₹ 72,297 है। जबकि चालू कीमतों पर राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय ₹ 129460 है। ध्यातव्य है कि बजट 2022-23 के अनुसार चालू कीमतों पर राजस्थान के जीवीए में कृषि का योगदान 27 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का योगदान 24 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र का योगदान 41 प्रतिशत दर्ज किया गया।

**1311. 2018-19 के बजट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018-19 में राजस्थान का प्रत्याशित राजकोषीय घाटा राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में है:**

(a) 6.12 (b) 4.23
(c) 2.98 (d) 3.98

**RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022**

**Ans. (c) :** 2018-19 के बजट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018-19 में राजस्थान का प्रत्याशित राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 2.98% है।

राजकोषीय घाटा ऐसी स्थिति है। जब सरकार का एक वर्ष का व्यय अपने राजस्व से अधिक हो। राजस्थान के बजट 2022-23 में राजकोषीय घाटा 58212 करोड़ रूपयें है जो कि GSDP का 4.36% है।

**1312. निम्न में से कौन सा आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान का कार्य नहीं है?**

(a) विभिन्न विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों में समन्वयन
(b) आँकड़ों के संग्रहण एवं संकलन में द्विगुणन
(c) आवश्यक डेटा का एकत्रीकरण, गुणवत्ता, और कवरेज में सुधार के तरीके और साधन सुझाना।
(d) आँकड़ों की गुणवत्ता में सुधार के सुझाव देना

**RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022**

**Ans. (b) :** अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान, राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। इसके कार्य निम्नलिखित हैं-

(i) राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/संगठनों की सांख्यिकी गतिविधियों का समन्वय।

(ii) आवश्यक डेटा का एकत्रीकरण, गुणवत्ता, और कवरेज में सुधार के तरीके और साधन सुझाना।

(iii) संग्रह में दोहराव से बचने के लिए डेटा का संकलन।

(iv) डेटा का संग्रह, वर्गीकरण, प्रसंस्करण और डेटा के प्रसार में स्वीकृत मानकों को अपनाना।

**1313. आर्थिक समीक्षा 2017-18 के अनुसार 2016–17 में राजस्थान की 2011-12 की स्थिर कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान था:**

(a) 31 प्रतिशत (b) 43 प्रतिशत
(c) 25 प्रतिशत (d) 16 प्रतिशत

**RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022**

**Ans. (c) :** आर्थिक समीक्षा 2017-18 के अनुसार 2016-17 में राजस्थान की 2011-12 की स्थिर कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 25 प्रतिशत था। जो बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.85 प्रतिशत हो गया है। जबकिऔद्योगिक क्षेत्र का 26.34% तथा सेना क्षेत्र का 44.81 प्रतिशत योगदान है।

**1314. आर्थिक समीक्षा 2017-18 के अनुसार शिशु मृत्युदर, प्रति हजार जीवित जन्म, 2016 में कितनी रही?**

(a) 41
(b) 34
(c) 30
(d) 20

**RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022**

**Ans. (a) :** आर्थिक समीक्षा 2017-18 के अनुसार शिशु मृत्यु दर, प्रति हजार जीवित जन्म पर राजस्थान में वर्ष 2016 में 41 थी। आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार 2019 में शिशु मृत्युदर, प्रति हजार जीवित जन्म पर राजस्थान में 35 थी। जबकि भारत की 30 थी। नवीनतम एसआर-एस बुलेटिन 2022 के अनुसार शिशु मृत्युदर 35 से घटकर 32 हो गयी है।

**1315. बजट घोषणा 2022 के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में फाइटो–सैनिट्री लैब्स की स्थापना की जाएगी?**

(a) अलवर व बीकानेर (b) बाड़मेर व जैसलमेर
(c) बीकानेर व गंगानगर (d) कोटा व जोधपुर

**Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** बजट घोषणा 2022 के अनुसार राज्य के कोटा व जोधपुर जिले में 'फाइटो सैनिट्री लैब्स' (Phyto Sanitary Labs) की स्थापना की जाएगी। इसी प्रकार राज्य के टोंक जिले में बायो पेस्टीसाइड (Bio Pesticide) और बायो एजेंट्स इंटीग्रेटेड लैब (Bio Agents Integrated Lab) स्थापित की जाएगी।

**1316. निम्न में से किसे बजट के लिए गैर-कर राजस्व प्राप्तियों के अन्तर्गत शामिल नहीं किया जाता है?**

(a) ब्याज प्राप्तियाँ
(b) स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन फीस
(c) अनुदान सहायता (Grants-in-aid)
(d) सामाजिक सेवाओं से प्राप्तियाँ

**Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018**

**Ans. (b) :** सरकार द्वारा गैर कर राजस्व, करों के अतिरिक्त अन्य स्त्रोतों से अर्जित आवर्ती आय है। जिनमें मुख्यतः ब्याज से प्राप्त आय, अनुदान सहायता से प्राप्त आय, सामाजिक सेवाओं से प्राप्त आय व सार्वजनिक कम्पनियों के लाभांश से प्राप्त आय इत्यादि शामिल है।

**1317. 2011-12 की स्थिर आधारभूत कीमतों पर राजस्थान की सकल राज्य मूल्यवर्धिता में सेवा क्षेत्र का योगदान 2017-18 में क्या था?**